हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 14 मार्च 2026

11 दिव्यांगजनों को 69.83 लाख के मोटराइज्ड...



12 कनीना से चितौड़गढ़ के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू



## खबर संक्षेप

### सलीमपुर गांव में मंडल स्तरीय महाप्रशिक्षण आज

**मंडी अटेली।** गांव सलीमपुर में अटेली मंडल स्तरीय महाप्रशिक्षण अभियान 14 मार्च को आयोजित होगा। अटेली मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार एवं मंडल महामंत्री इंद्रजीत यादव ने बताया कि हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में प्रस्तावित मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान को लेकर सभी की ड्यूटी लगा दी गई हैं। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से सायं तक चलेगा।

### कनीना नपा की बैठक अब 16 मार्च को

**कनीना।** नपा कार्यालय में शुक्रवार को होने वाली बैठक अब 16 मार्च को होगी। जिसमें सभी पार्षद एवं एफसीसी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। नपा चेयरपर्सन डॉ. रिम्पी लोढ़ा व सचिव कपिल कुमार ने बताया कि बैठक में विकास कार्यों पर मंथन होगा। जिसके लिए सभी पार्षदों को एजेंडा सहित सूचना भेजी गई है।

## नगर पालिका सचिव को पत्र लिखकर शहर का सर्वे करवाने के निर्देश

# पैच वर्क के लिए 25 लाख का टेंडर फिर भी शहर की सड़कें बदहाल

***मुख्य मार्गों से लेकर वार्डों की गलियों तक में गड्ढों का अंबार, नपा चेयरमैन ने कड़ा रुख अपनाया***

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर की सड़कों और मुख्य बाजारों की जर्जर हालत अब आमजन के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। आलम यह है कि शहर के मुख्य मार्गों से लेकर वार्डों की गलियों तक में गड्ढों का अंबार लगा हुआ है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए नगर पालिका चेयरमैन ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने नगर पालिका सचिव को पत्र लिखकर तुरंत प्रभाव से शहर का सर्वे करवाने और सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए हैं।



महेंद्रगढ़। जर्जर अवस्था में ब्रह्मचारी आश्रम की ओर जाने वाला मार्ग।

### टेंडर के बावजूद काम शून्य, जनता में आक्रोश

नगर पालिका चेयरमैन द्वारा जारी पत्र (क्रमांक 855-57, 13/03/2026) के अनुसार, शहर में पैच वर्क करवाने के लिए 25 लाख का टेंडर पहले ही पास किया जा चुका है। इसके बावजूद जमीनी स्तर पर कोई सुधार नजर नहीं आ रहा है। वार्ड पार्षदों और आम नागरिकों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि शहर में कई जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और नालियों पर लगी लोहे की जालियां टूट चुकी हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

### अधिकारियों की कार्यशैली पर उठे सवाल

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि नगर पालिका चेयरमैन द्वारा पूर्व में भी संबंधित अधिकारियों तकनीकी को इस समस्या से अवगत करवाया गया था, लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। आदेश में नाराजगी जताते हुए कहा गया है कि बार-बार निर्देश देने के बाद भी अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जो सीधे तौर पर लापरवाही को दर्शाता है।

### सर्वे के बाद 'गड्ढा मुक्त' होगा शहर

नगर पालिका चेयरमैन ने नपा सचिव को आदेश दिए हैं कि तुरंत प्रभाव से पूरे शहर का नया सर्वे करवाया जाए। मुख्य बाजारों और वार्डों में जहां भी गड्ढे हैं, उन्हें तुरंत भरा जाए। टूटी हुई नालियों और क्षतिग्रस्त लोहे के जालों की मरम्मत सुनिश्चित की जाए। इन आदेशों का दृढ़ता से पालन हो ताकि जनता को राहत मिल सके। इस आदेश की प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए जिला उपायुक्त महेंद्रगढ़ और जिला नगर आयुक्त को भी भेजी गई है। अब देखना यह होगा कि इस सख्त आदेश के बाद विभाग कितनी तत्परता से काम शुरू करता है।



महेंद्रगढ़। बैठक में मौजूद यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# डीसी के बयान को एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने बताया भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन के सदस्यों ने जिला उपायुक्त द्वारा वीरवार को समाधान शिविर में किसानों की शिकायत के संदर्भ में बिजली निगम के बारे में दिया गया बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, भ्रामक एवं कर्मचारियों की छवि को धूमिल करने वाला बताया हैं। एचएसईबी वर्कर्स यूनियन इस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की हैं। यूनियन के सदस्यों ने कहा कि बिना विभागीय अधिकारियों से तथ्यात्मक जानकारी लिए इस प्रकार का सार्वजनिक बयान देना न केवल अनुचित है।

बिजली विभाग के कर्मचारी अत्यंत कठिन परिस्थितियों में दिन-रात उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रहे हैं। इसके बावजूद इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयान कर्मचारियों के मनोबल को ठेस पहुंचाने वाले हैं और इससे फील्ड में कार्य कर रहे कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। यूनियन स्पष्ट करना चाहती है कि इस प्रकरण का पुरजोर विरोध किया जाएगा और यदि भविष्य में इस प्रकार के गैर-तथ्यात्मक और कर्मचारियों की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाले बयान दिए जाते हैं, तो एचएसईबी वर्कर्स यूनियन मजबूरन कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से कड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

मौके पर जितेंद्र, नवीन, यूनिट प्रधान नवीन, सचिव अनिल कुमार, सिटी सब यूनिट प्रधान प्रवीण, सचिव नवीन कुमार, सब अर्बन सब यूनिट सचिव दीपक माजरा, गौरी शंकर, संजीव, दीपक व समस्त बिजली कर्मचारी मौजूद रहे।

### बिजली निगम यूनियन ने डीसी के व्यक्तव्य का मांगा खंडन

**नारनौल।** बिजली निगम पर उपायुक्त द्वारा की गई टिप्पणी पर निगम की यूनियनों ने कड़ा ऐतराज जताया है। हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रीसिटी वर्कर्स यूनियन ने बताया कि उपायुक्त नारनौल द्वारा 12 मार्च को आयोजित समाधान शिविर महेंद्रगढ़ में किसान की शिकायत पर दिए गए व्यक्तव्य का सीधा असर बिजली विभाग की कार्यशैली व कर्मचारियों पर पड़ता है। यूनिट प्रधान सत्यप्रकाश यादव ने बताया कि इसका एचएसईबी वर्कर्स यूनियन पूर्णतः विरोध करती है और मांग करती है कि निगम के आला अधिकारी इस विषय पर संज्ञान लें और उपायुक्त से बात करके इस व्यक्तव्य का खंडन करवाया जाए। अन्यथा एचएसईबी वर्कर्स यूनियन से संबंधित कोई भी कर्मचारी फील्ड में काम करने में असमर्थ रहेगा, क्योंकि इससे कर्मचारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हो गई है और एक माननीय उपायुक्त महोदय द्वारा ऐसा व्यक्तव्य देना दुर्भाग्यपूर्ण है। अतः संगठन मांग करते है कि जल्द से जल्द इस व्यक्तव्य का खंडन हो।



महेंद्रगढ़। समारोह स्थल का जायजा लेती एसपी पूजा वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

### हकेंवि का 12वां दीक्षांत समारोह आज

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में 14 मार्च को आयोजित किया जाएगा। विश्वविद्यालय कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि इस वर्ष दीक्षांत समारोह में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत मुख्य अतिथि होंगे व पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति शील नागू व आईआईटी रोपड़ के निदेशक डॉ. राजीव आहूजा समारोह के विशिष्ट अतिथि होंगे, जो कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद देंगे। दीक्षांत समारोह में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से न्यायमूर्ति संजय वशिष्ठ, न्यायमूर्ति एसएन शेखावत, न्यायमूर्ति चंद्र शेखर, जिला सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा सहित जिला प्रशासन के सभी अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# डीटीपी ने अवैध कॉलोनी में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिला नगर योजनाकार टीम ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र के नजदीक दानवीर कॉलोनी माजरा चुंगी के पास राजस्व संपदा मौजा माजरा में लगभग 2.5 एकड़ भूमि में अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में लगभग 2.5 एकड भूमि में 10 डीपीसी व दो चारदीवारी के साथ-साथ सभी रोड नेटवर्क उखाड़ गए। यह पूरी तोड़फोड़ विभागीय कार्यवाही डयूटी मजिस्ट्रेट सतेंद्र कुमार, सहायक नगर योजनाकार, कार्यालय जिला नगर योजनाकार नारनौल की अगुवाई में पुलिस बल की मौजूदगी में जिला प्रशासन की मदद से कार्रवाई अमल में लाई गई।



महेंद्रगढ़। तोड़फोड़ की कार्रवाई करती जेसीबी मशीन। फोटो : हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा है कि नियंत्रित क्षेत्र/शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें तथा निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग चंडीगढ़ से लाईसेंस अनुमति लेने उपरांत ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएंगी। उन्होंने कहा कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रापर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें। इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय नारनौल से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेंगी।





# ओ रोमियो को बॉक्स ऑफिस पर मिला फ्लॉप का तमगा

**मुंबई।** बॉलीवुड में शेक्सपियर की कहानियों को भारतीय परिवेश में ढालने वाले निर्देशक विशाल भारद्वाज की फिल्म 'ओ रोमियो ने सिनेमाघरों में उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी अभिनीत यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज हुई थी, लेकिन महज कुछ हफ्तों में ही इसे फ्लॉप का तमगा मिल गया। फिल्म की कुल कमाई लगभग 100 करोड़ रुपए रही, जबकि बजट और प्रमोशन मिलाकर 130 करोड़ का खर्च आया, जिससे निर्माताओं को 30 करोड़ का नेट लॉस हुआ। ओ रोमियो की कहानी 1990 के दशक के मुंबई अंडरवर्ल्ड पर आधारित है। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की शुरुआत ठीक-ठाक रही. पहले दिन 7.75 करोड़, दूसरे दिन 11.75 करोड़ और वैलेंटाइन डे के असर से वीकेंड में कुल 25 करोड़ से ज्यादा की कमाई हुई। लेकिन, उसके बाद गिरावट आई।

लाइफStyle

# अनन्या

## खुद को हमेशा कमतर समझा

अनन्या पांडे ज्यादातर अपने परिवार और दोस्तों के बीच दिखाई देती हैं। मगर एक बातचीत के दौरान एक्ट्रेस ने अपने पुराने रिलेशनशिप के अनुभवों से सीखने की बात स्वीकार की। अनन्या पांडे ने हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में पुराने रिलेशनशिप उससे जुड़ी उम्मीदें और अपने निजी जीवन के बारे में काफी कुछ बताया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक्ट्रेस ने खुद के जीवन जीने के तरीकों में बदलाव की बात भी कही। अनन्या पांडे अपने दोस्तों और फैमिली के साथ काफी समय बिताती हैं। एक इंटरव्यू में अनन्या ने अपने अतीत और निजी जीवन के नजरिए के बारे में काफी कुछ शेयर किया। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे अकेले रहने में काफी परेशानी होती है। वह हर वक्त परिवार और दोस्तों से घिरे रहना पसंद करती हैं। मगर कुछ समय बाद मुझे अकेले रहने का महात्व समझ आया। ऐसा करने से मैंने अपने जीवन में एक बदलाव महसूस किया। मुझे रिश्तों पर दोबारा सोचने का समय मिला।' एक्ट्रेस ने अपनी बातचीत में आगे बताया कि उनके पिछले रिश्ते से उन्होंने काफी सबक लिए। इस रिश्ते ने उनके आत्म-सम्मान पर भी काफी प्रभाव डाला। अकेलेपन के पहले जब वो रिश्ते में थी उन्होंने खुद को हमेशा कमतर समझा। वह हमेशा यह चाहती थी कि सामने वाले की अहमियत उनसे ज्यादा हो। जिस वजह से वह उस व्यक्ति के हिसाब से खुद को बदल लेती थीं। मगर अब वो अपने अंदर एक अलग चेंज लेकर आई हैं। एक्ट्रेस की फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा..' हाल ही में रिलीज हुई है। फिल्म में उनके साथ कार्तिक आर्यन भी नजर आए थे। अब अनन्या की दूसरी फिल्म धर्मा प्रोडक्शन की रोमांटिक ड्रामा 'चांद मेरा दिल' रिलीज होगी।



हॉलीवुड मसाला



## फैशन वीक में फ्लॉन्ट की सोने की अंगूठी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन एक्ट्रेस और सिंगर जेंडाया, टॉम हॉलैंड के साथ शादी की अफवाहों को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच वह पेरिस फैशन वीक में शानदार ड्रेस में नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपनी अंगूठी फ्लॉन्ट की है। माना जाता है कि उन्होंने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी शादी को कंफर्म कर दिया है। उनके फैंस ऑनलाइन यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या कपल ने चुपके से शादी कर ली है? जेंडाया ने लूव्र में लुई विटॉन के शो में सफेद रंग की ड्रेस में शिरकत की। शो में उन्होंने जो ज्वैलरी पहनी वह चर्चा का विषय बन गई। जेंडाया ने हाल के दिनों में सगाई की अंगूठी के बजाय एक सादी सोने की अंगूठी पहनी है। इस बात से पता चलता है कि उन्होंने शादी कर ली है। ज्वैलरी एक्सपर्ट पेज नील ने बताया कि जेंडाया ने जो अंगूठी पहनी है वह शादी की अंगूठियों की तरह है। बातचीत में नील ने कहा कि सादी अंगूठियां अक्सर आत्मविश्वास का संकेत होती हैं।



## डीसी स्टूडियो की सुपरहीरो फिल्म में शामिल हुए आरोन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर आरोन पियरे डीसी स्टूडियोज की आने वाली सुपरहीरो फिल्म 'मैन ऑफ टुमारो' में शामिल हो गए हैं। यह फिल्म 2025 की सुपरहिट फिल्म 'सुपरमैन' का सीक्वल है। आरोन पियरे इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'लैंटर्न्स' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जो ग्रीन लैंटर्न किरदारों पर बेस्ड है। यह सीरीज इस गर्मियों में रिलीज होगी। आरोन पियरे ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खबर की पुष्टि की। फिल्म की कहानी लिखने और निर्देशन का काम फिर से जेम्स गन ही कर रहे हैं। यह फिल्म 9 जुलाई 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके सीक्वल में डेविड कोरेन्सवेट दोबारा सुपरमैन/क्लार्क केंट का किरदार निभाते नजर आएंगे, जबकि निकोलस हॉल्ट लेक्स लूथर के रोल में वापस आ सकते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अप्रैल में अटलांटा में शुरू होगी और गर्मियों तक चलती रहेगी। कहानी में सुपरमैन और लेक्स लूथर को एक अजीब गठबंधन करना पड़ेगा, क्योंकि उन्हें ब्रेनियाक नाम के एक बहुत ताकतवर एलियन विलेन से खतरा होगा।



## सिद्धार्थ की अगली हॉरर फिल्म का होंगे हिस्सा

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन ने अपने अब तक के करियर में अलग-अलग जॉनर की फिल्म की हैं, लेकिन एक खास जॉनर करने से वह चूके गए हैं। अब वह सिद्धार्थ आनंद की अगली हॉरर फिल्म का हिस्सा होंगे। इस फिल्म की कहानी को लेकर भी अपडेट सामने आया है। किंग फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद अपनी मारफिक्स बैनर तले एक हॉरर फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म में ही अभिषेक बच्चन अभिनय करेंगे। कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म एक पिता और बेटी के इमोशनल रिश्ते पर होगी। फिल्म की बड़े स्तर पर वीएफएक्स का काम भी किया जाएगा। वैसे अब तक इस बात की ऑफिशियल अनाउंसमेंट मेकर्स ने नहीं की है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभिषेक बच्चन फिल्म 'किंग' में नेगेटिव रोल कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहरुख खान लीड रोल में हैं। वहीं, किंग खान की बेटी सुहाना खान भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।




## मैं वापस आऊंगा का टीजर रिलीज जब वी मेट की याद आ गई

**मुंबई।** रोमांस और प्यार की बात जब भी आती है तो इम्तियाज अली को भुलाया नहीं जा सकता। इस बार इम्तियाज 'मैं वापस आऊंगा' लेकर हाजिर हो रहे हैं, जिसका टीजर रिलीज हो गया है। दिलजीत दोसांझ की ये फिल्म रोमांटिक तो है ही साथ ही इमोशनल करने वाली भी दिख रही है। फिल्म के टीजर में गुजरे वक्त की कहानी दिखाई जाती है। टीजर में दिखाया गया है कि एक लड़का (वेदांग रैना) लड़की (शरवरी) को पसंद करता है। वो उसे छिपकर देखता रहता है। जिसके बाद उससे मिलता भी है। फिल्म नें नसीरुद्दीन शाह भी हैं जिन्हें पहचान पाना मुश्किल है। इस ट्रेलर को देखकर लोगों ने कहा- इम्तियाज तो इम्तियाज ही हैं, एक बार फिर से उन्होंने ये साबित कर दिया है। वहीं कई लोगों ने दिलजीत दोसांझ की तारीफ की है और कहा है कि रणबीर के बाद दिलजीत अब इम्तियाज के फेवरेट बन गए हैं। वहीं एक ने कहा है- 'जब वी मेट' की याद आ गई।

टीवी मसाला



## एमएक्स प्लेयर पर रिलीज होंगे इन सेलेब्स के खास शोज

**नई दिल्ली।** अमेजन एमएक्स प्लेयर ने अपनी इस साल की बड़ी रिलीज की घोषणा कर दी है। इसके अंतर्गत शिखर धवन का शो बैटलग्राउंड सीजन 2, नसीरुद्दीन शाह की मेड इन इंडिया और संजय कपूर की अब होगा हिसाब रिलीज होंगी। शिखर धवन की अगुवाई वाला शो 'बैटलग्राउंड सीजन 2' जल्द ही रिलीज होने वाला है। इसमें भारत के जबरदस्त फिटनेस के दीवाने और प्रोफेशनल एथलीट जीत के लिए संघर्ष करेंगे। नए सिरे से बने 'बैटलग्राउंड हाउस' में एक ही छत के नीचे 16 कंटेस्टेंट होंगे। इस शो के निर्देशक उत्तम डोमाले, दीपदत्त पांडे और नेहा सेठ हैं। दिव्येंदु शर्मा और भावना अरोड़ा की अदाकारी वाला शो 'वेटिंग है' इसी साल रिलीज होने वाला है। इसकी कहानी एक रेलवे पुलिस फोर्स के जवान के आस-पास घूमती है, जो तत्काल टिकट पाने की जद्दोजहद के दौरान, करोड़ों के एक घोटाले का पर्दाफाश करता है। इसके निर्देशक समीर विध्वंस होंगे। सनी हिंदुजा और मीरा चोपड़ा की अदाकारी वाली सीरीज 'विमल खन्ना' इस साल रिलीज होने के लिए तैयार है। इसके निर्देशक साकेत चौधरी और अभिनव सीकर हैं। इसमें एक ऐसे शख्स की कहानी दिखाई गई है जो हालात का मारा है और रक्षक' बन जाता है। दर्शकों को इसका इसका इंतजार है। क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर की अदाकारी वाली सीरीज 'रक्तांचल 3' एक पॉलिटिकल-क्राइम सीरीज है।

## सीआईडी के मेकर्स ने मुझे अचानक निकाला

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक क्राइम सीरीज सीआईडी का हर कोई फैन रहा है। इसका नया सीजन आया लेकिन लोगों के बीच उतना हाइप क्रिएट नहीं कर सका, जितना इसके पुराने और ओरिजनल एपिसोड्स और कलाकारों ने किया था। एसीपी प्रद्युमन, दया, फ्रेड्रिक्स, डॉक्टर सालुंखे, डॉक्टर तारिका, पूर्वी समेत कई किरदारों के अलावा, इसमें इंस्पेक्टर काजल भी थीं, जिनका किरदार 'अनुपमा' एक्ट्रेस जसवीर कौर ने निभाया था। उन्होंने अब एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि एक दिन उन्हें अचानक शो से निकाल दिया गया और उन पर आरोप लगाए गए। उनके मुताबिक, उन पर बेबुनियाद आरोप लगाए गए और अचानक शो छोड़ने के लिए कहा गया था। इसके बाद उन्होंने 7 साल तक स्ट्रगल किया और कैमियो के अलावा इनकम टैक्स रिटर्न से गुजारा किया। मुझे ऑफिस बुलाया गया और अचानक से कहा गया कि मेरा तौर-तरीका नहीं सही था। और मैंने बिना डायलॉग्स के स्क्रिप्ट भी ले ली थी।



## तीन बड़ी फिल्मों से टकराएगी शाहिद-कृति-रश्मिका की मूवी

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण, सैफ अली खान और डायना पेंटी की 'कॉकटेल' के बाद होमी अदजानिया इसका सीक्वल 'कॉकटेल 2' लेकर आ रहे हैं। इसमें शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना दिखाई देंगी। ये साल 2026 की मोस्टअवेटेड फिल्मों में से एक है, जिसकी रिलीज डेट आ गई है। शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन ने अपने-अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्ट करके रिलीज डेट बताई है। फिल्म 19 जून को थिएटर्स में दस्तक देगी। लेकिन, इस मूवी के लिए थिएटर्स में अपनी जगह बना पाना मुश्किल होगा। 19 मार्च को रिलीज होने वाली यश की 'टॉक्सिक' अब 4 जून को रिलीज होगी जो पैन-इंडिया फिल्म है। 6 भाषाओं में इसे बड़े पर्दे पर उतारा जाएगा। वहीं, एक हफ्ते बाद वरुण धवन की मूवी 'है जवानी तो इश्क होना है', जो पहले 10 अप्रैल से 5 जून को आनी थी, वह अब 12 जून को दस्तक देगी। फिर एक हफ्ते बाद 19 जून को 'कॉकटल 2' आएगी और उसके एक हफ्ते बाद 26 जून को अक्षय कुमार की मल्टी स्टारर फिल्म 'वेलकम टू जंगल' बॉक्स ऑफिस पर धप्पा बोलेगी।



## इस वीकएंड ओटीटी पर लगेगा मनोरंजन का तड़का

### रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** फिर वीकएंड आ गया है! कुछ लोग अपने काम निपटाएंगे। कुछ दोस्तों के साथ मुलाकात और पार्टी करना पसंद करेंगे। मगर, एंटरटेनमेंट के शौकीन अपने पसंदीदा सिनेमा का लुत्फ उठाएंगे। बढ़ती गर्मी के बीच अगर थिएटर जाने का मन नहीं है और घर बैठे ही कुछ बढ़िया देखना है तो इस वीक की ओटीटी लिस्ट चेक कर लीजिए। इस बार काफी दिलचस्प विकल्प हैं।

#### द ताज स्टोरी

परेश रावल अभिनीत यह फिल्म 31 अक्तूबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसे लेकर काफी विवाद रहा था। वहीं, बॉक्स ऑफिस पर भी यह औसत रही। अब 'द ताज स्टोरी' ओटीटी पर रिलीज को तैयार है। यह फिल्म 13 मार्च 2026 से लायंसगेट प्ले पर स्ट्रीम हो रही है।



#### एस्पिरेंट्स सीजन 3

लोकप्रिय सीरीज एस्पिरेंट्स के पिछले दो सीजन काफी पसंद किए गए। अब यह सीरीज अपने तीसरे सीजन के साथ आ रही है। टीवीएफ की यह चर्चित सीरीज 13 मार्च 2026 से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। यह सीजन डीएम अभिलाष (नवीन कस्तूरिया) की सफलता के बाद की चुनौतियों को दिखाएगा। साथ ही, संदीप ओहलान के आरोपों के बाद की जांच और रिश्तों में आए उतार-चढ़ाव पर बेस्ड है। नवीन कस्तूरिया, सनी हिंदुजा और अभिलाष थपलियाल इसमें अहम रोल में नजर आएंगे।

#### पूकी

फिल्म पूकी फरवरी में थिएटर्स में रिलीज हुई थी। अब यह भी ओटीटी पर आ रही है। इस फिल्म में जेन जी के रिश्तों की जटिलताओं को दिखाया गया है। वीकएंड पर इस फिल्म को देख सकते हैं। यह 13 मार्च 2026 से जी5 पर स्ट्रीम होगी। बता दें कि यह तमिल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है।

#### फंकी

अगर आप कुछ कॉमेडी से भरपूर देखना चाहते हैं तो इस वीकएंड आप 'फंकी' देख सकते हैं। यह साउथ की कॉमेडी फिल्म है। यह शुक्रवार 13 मार्च को ओटीटी पर रिलीज होगी। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

#### जूटोपिया 2

एनिमेटिड फिल्म 'जूटोपिया' का दूसरा पार्ट यानी 'जूटोपिया 2' भी इस वीकएंड की लिस्ट में शामिल है। इसे बच्चों के साथ बैठकर वीकएंड पर देखा जा सकता है। यह 11 मार्च को जियोहॉटस्टार पर रिलीज हो चुकी है।

## 15 मार्च को डॉल्बी थिएटर में होना ऑस्कर 2026 का आयोजन

# थप्पड़ से लेकर कपड़े उतारने तक की घटनाएं रहीं विवादित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्कर 2026 का आयोजन 15 मार्च को लॉस एंजिल्स के डॉल्बी थिएटर में होना है। लेकिन, भारत में इस अवॉर्ड समारोह को सोमवार 16 मार्च की सुबह साढ़े चार बजे से देखा जा सकेगा। फैंस इस समारोह का बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। ऑस्कर को फिल्म जगत का सबसे मशहूर समारोह माना जाता है। लेकिन, ऑस्कर में कई ऐसे विवाद भी हुए हैं, जो काफी चर्चाओं में रहे।

### जब गलत फिल्म का हुआ अनाउंसमेंट

2017 में बेस्ट पिक्चर कैटेगरी में 'मूनलाइट' फिल्म को अवॉर्ड दिया जाने वाला था। हालांकि, अवॉर्ड प्रेजेंटर्स को जो लिफाफा मिला, उसमें फिल्म 'ला ला लैंड' का नाम लिखा गया था। अनाउंसमेंट होने के बाद प्रेजेंटर्स ने सही नाम की घोषणा कर माफी मांगी थी।

### विल ने होस्ट क्रिस रॉक को जड़ा थप्पड़

2022 में ऑस्कर सबसे ज्यादा चर्चा में विल स्मिथ द्वारा क्रिस रॉक को मंच पर थप्पड़ मारने के चलते चर्चाओं में से सुर्खियों में रहा था। क्रिस ने विल स्मिथ की पत्नी के गंजे सिर पर मजाक किया था। कुछ देर बार विल स्मिथ को फिल्म 'किंग रिचर्ड' के लिए बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला, तो उन्होंने मंच पर एकेडमी से माफी मांगी, लेकिन उन्होंने क्रिस रॉक के लिए कुछ नहीं कहा।





### मार्लन का चोरी हो गया ऑस्कर

1954 की फिल्म 'ऑन द वॉटरफ्रंट' के लिए मार्लन ब्रांडो को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला था, जो उनके घर से चोरी हो गया था। कुछ समय बाद 'टाइटैनिक' एक्टर लियोनार्डो डिकैप्रियो को यही अवॉर्ड अमेरिकन फाइनेंसर जो लो ने तोहफे में दिया। जो लो ने लियोनार्डो की फिल्म 'द वुल्फ ऑफ द वॉल स्ट्रीट' में पैसे लगाए थे।

### लियोनार्डो ने लौटाया अवॉर्ड

जब जो लो पर धोखाधड़ी के केस की जांच बैठी और उनकी संपत्ति जब्त हुई तो लियोनार्डो को ये अवॉर्ड अधिकारियों को लौटाना पड़ा। जो लो ने अधिकारियों को बताया कि ये अवॉर्ड एक ऑक्शन में 6 लाख डॉलर (5.2 करोड रुपए) में खरीदा था।

### कोरिन ने स्टेज पर उतारे कपड़े

साल 2021 के ऑस्कर अवॉर्ड के दौरान फ्रेंच अभिनेत्री कोरिन मासेरियो ने स्टेज पर ही कपड़े उतार दिए थे। उन्होंने फ्रेंच सरकार का विरोध करने के लिए ऐसा किया था। वह जैसे ही अवॉर्ड लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, उन्होंने अपने कपड़े उतार दिए। उनके शरीर पर नारे लिखे हुए थे।

### एड्रियन ने हैल को स्टेज पर किया किस

साल 2003 में अमेरिकी अभिनेता एड्रियन ब्रूडी ने स्टेज पर एक्ट्रेस हैल बेरी को किस कर लिया था, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। दरअसल, ब्रूडी को फिल्म 'दि पियानिस्ट' के लिए ऑस्कर मिला था। अवॉर्ड देने के लिए स्टेज पर जब अभिनेत्री हैल बेरी आईं तो अभिनेता ने उन्हें किस कर लिया।

### सेरेमनी से पहले चोरी हुईं 55 ऑस्कर ट्रॉफी

साल 2000 में ऑस्कर समारोह से 20 दिन पहले 55 ट्रॉफी से भरा ट्रक चोरी हो गया था। जल्दबाजी में सेरेमनी के लिए नई ट्रॉफी बनवाई गईं। कुछ दिनों बाद एक शख्स को कचरे के ढेर में 52 ऑस्कर ट्रॉफी मिली थीं। बची हुई 3 में से एक ट्रॉफी ड्रग रेड में मिली, लेकिन बाकी 2 ट्रॉफी आज भी लापता हैं। रिकवर हुईं सभी ट्रॉफी को नष्ट कर दिया गया था।

## खबर संक्षेप

### हिंदू विद्यालय में स्कॉलरशिप टेस्ट आज

**महेंद्रगढ़।** हिंदू विद्यालय में शनिवार को स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर गजेंद्र यादव ने बताया कि आज विद्यालय में सभी कक्षाओं के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। टेस्ट रिजल्ट के आधार पर स्कॉलरशिप दी जाएगी। 25 किलोमीटर तक वाहन सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

### संदीप नूनीवाला पुनः बने जिला अध्यक्ष

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने संगठन निर्माण के



लिए महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए संदीप नूनीवाला को पुनः जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। ज्ञात रहें कि गत दिनों वृंदावन में आयोजित हुए समाज के प्रदेशस्तरीय अधिवेशन व द्विवार्षिक चुनाव के दौरान समाज की सभी कार्यकारिणीयों को भंग कर दिया गया था।

### श्री कृष्णा युवा मंडल के डायरेक्टर को दी श्रद्धांजलि

**महेंद्रगढ़।** श्री कृष्णा युवा मंडल के डायरेक्टर सुरेश सैनी के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। मात्र 45 वर्ष की आयु में उनके निधन पर शुक्रवार एक शोक सभा एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के गणमान्य व्यक्तियों ने पहुंचकर दिवंगत आत्मा को नमन किया। सुरेश सैनी एक सक्रिय समाजसेवी और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे।

### अटेली कॉलेज में बनेगा नया भवन

**मंडी अटेली।** राजकीय कॉलेज के नए भवन निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। कॉलेज भवन निर्माण से संबंधित ड्राइंग को



स्वीकृति मिल चुकी है, जिसके बाद अब परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल है। इस कार्य को करवाने के लिए स्थानीय विधायक एवं प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव कई दिनों से प्रयासरत है।

### जल संरक्षण का दिया संदेश

**मंडी अटेली।** गांव मुंडिया खेड़ा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य छोटेलाल की अध्यक्षता में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जल महोत्सव पखवाड़ा मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को जल संरक्षण और शुद्ध पेयजल के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र ने विद्यार्थियों को पेयजल की गुणवत्ता के प्रति सचेत करते हुए दैनिक जीवन में शुद्ध पेयजल के उपयोग और जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### आरपीएस स्कूल में हुआ संस्कार कार्यक्रम

**नारनौल।** आरपीएस स्कूल में शुक्रवार को यूकेजी कक्षा का ग्रेजुएशन डे नन्हें कदम, बड़े संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरपीएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव रही। कार्यक्रम में प्राचार्य बाबूलाल यादव व हेडमिस्ट्रेस मीनाक्षी यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### विवादित जमीन पर की चारदीवारी

**नांगल चौधरी।** कांवी पंचायत के अंतर्गत मुरारपुर में वित्तायुक्त के यथास्थिति आदेशों की अवहेलना करके विवादित जमीन पर चारदीवारी लगाने का मामला उजागर हुआ है। पीड़ित पक्ष ने थाना इंचार्ज को सूचना देने के लिए कॉल की, लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर शिकायत दर्ज कराई तथा एसएचओ को शिकायत भेजकर सूचना दी है।

## आत्मनिर्भर बनने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल: डॉ. सेन

# दिव्यांगजनों को 69.83 लाख के मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल दिए

**जीवन को सुगम बनाने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित करते नगराधीश डॉ. मंगल सेन। फोटो: हरिभूमि

मुख्यमंत्री के अंत्योदय विजन को साकार करते हुए, शुक्रवार को सभागार भवन में 117 दिव्यांगजनों को 69.83 लाख रुपये की लागत के मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल तथा सहायक यंत्र एवं उपकरण दिए गए। अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के सीएसआर कार्यक्रम के तहत सभागार में आयोजित निःशुल्क सहायक उपकरण कार्यक्रम में नगराधीश डॉ. मंगल सेन मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे। जिला प्रशासन एवं रेडक्रॉस समिति की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में वितरित यह उपकरण भारत सरकार के उपक्रम व तकनीकी पार्टनर एलिम्को की ओर से निर्मित हैं। दिव्यांगजनों को संबोधित करते हुए सीटीएम ने कहा कि यह केवल उपकरण वितरण नहीं है, बल्कि आपके जीवन को सुगम बनाने और आपको समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास है। ये सहायक उपकरण आप सभी के सुगम एवं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होंगे। यह उपकरण हमारे दिव्यांगजन के आत्मविश्वास को नई उड़ान देंगे।

### 117 दिव्यांगजन को बांटे उपकरण

जिला प्रशासन व रेडक्रॉस समिति की ओर से एलिम्को के सहयोग से आयोजित सहायक यंत्र एवं उपकरण वितरण शिविर में 117 दिव्यांगजनों को 69 लाख 83 हजार 782 रुपये के 199 सहायक यंत्र एवं उपकरण वितरित किए। शिविर में 84 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, तीन को फोल्डिंग व्हील चेयर, 70 को बैसाखी, सात को वाकिंग स्टिक छड़ी, छह को बीटीई कान की मशीन, सात को जॉयस्टिक, एक रोलेटर, 13 कृत्रिम अंग कैलीपर, चार को सुगम्य केन व एक ट्राई साइकिल वितरित की गई।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन का हमेशा प्रयास रहा है कि पेंशन और इस प्रकार की कल्याणकारी नीतियों के तहत अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा में जोड़ा जाए। सेवा विभाग भी दिव्यांगजनों को पेंशन के माध्यम से सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। मौके पर अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश बिश्नोई व स्मृति, एलिम्को से योगेश कुमार व टेकचंद यादव आदि अधिकारी भी मौजूद थे।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सम्मानित

■ दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

दा वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में सिल्वर जोन ओलंपियाड के सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। प्रतिभाशाली छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें आगे भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।



नारनौल। विजेताओं को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### प्रतियोगिताएं बच्चों में बढ़ाती हैं आत्मविश्वास

चेयरमैन डॉ. विनोद कुमार यादव ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ाती हैं। प्रधानाचार्य अखिल मुखीजा ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है।

# नीतीश कुमार को विधायक ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

खटोटी कलां के पूर्व सरपंच श्रद्धानंद यादव के पुत्र नीतीश कुमार के संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में चयनित होने पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने उनके आवास पर पहुंचकर बधाई दी। विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि नीतीश कुमार की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। नीतीश कुमार ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है, जिससे यह साबित होता है कि शारीरिक चुनौतियां भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकती है। नीतीश कुमार की लंबाई तीन फीट व वजन करीब 25 किलोग्राम है, लेकिन उन्होंने अपनी पढ़ाई व लक्ष्य को कभी बाधित नहीं होने दिया।



नारनौल। नीतीश कुमार को बधाई देते विधायक ओमप्रकाश यादव।

### भाजपा नेता अमित मिश्रा के ताऊ का निधन

**महेंद्रगढ़।** भाजपा नेता एवं पूर्व जिला महामंत्री अमित मिश्रा के ताऊ राजकुमार मिश्रा का निधन हो गया। उनके निधन से परिवार और समाज में शोक की लहर दौड़ गई।



स्वर्गीय राजकुमार मिश्रा का अंतिम संस्कार पूरे धार्मिक विधि-विधान के साथ किया गया। उनके पुत्र महेंद्रगढ़ बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव एडवोकेट सुबोध मिश्रा ने मुखाग्नि दी। इस दौरान अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिवारजन, रिश्तेदारों और समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।




# श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नारनौल।** हाल ही में घोषित ऑल इंडिया सैनिक स्कूल परीक्षा परिणाम व सीए फाउंडेशन में श्रीकृष्ण सीनियर सैकेण्डरी स्कूल भुंगारका के 12 बच्चों का चयन हुआ। जिसमें सात बच्चे ऑल इंडिया सैनिक स्कूल व पांच बच्चों का सीए फाउंडेशन में चयन हुआ। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर स्कूल ने सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें विद्यालय के सीए फाउंडेशन व सैनिक स्कूल में चयनित हुए विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य वेदपाल यादव ने बताया कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सीए फाउंडेशन व अखिल भारतीय सैनिक स्कूल की परीक्षा को उत्तीर्ण करते हुए अपना स्थान निर्धारित किया है। प्राचार्य वेदपाल यादव, चेयरमैन एडवोकेट राजपाल यादव ने बच्चों को इस सफलता के लिए पुरस्कृत किया व उनके अभिभावकों का धन्यवाद किया। प्राईमरी हैड उमा यादव ने कहा कि प्रतियोगिता के दौर में विद्यालय न केवल मेहनत कर रहा है।

# आरपीएस कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

आरपीएस डिग्री कॉलेज के गणित विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय गणित दिवस पर गणितज्ञों का इतिहास एवं गणित के अनुप्रयोग विषय पर एक भव्य एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को महान गणितज्ञों के जीवन, उनके महत्वपूर्ण योगदान तथा आधुनिक समय में गणित के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले अनुप्रयोगों के बारे में जानकारी देना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह के उद्घाटन भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि गणित तर्क, विश्लेषण और वैज्ञानिक सोच का आधार है।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### गणित तर्क, विश्लेषण और रचनात्मक सोच का विज्ञान

आरपीएस ग्रुप निदेशक डॉ. महेश यादव तथा रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास और रचनात्मक सोच को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में विषय के प्रति रुचि और आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। गणित विभागाध्यक्ष विकास यादव ने कहा कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह तर्क, विश्लेषण और रचनात्मक सोच का विज्ञान है। उन्होंने यह भी कहा कि पावर पॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और विषय की गहरी समझ विकसित होती है। कार्यक्रम संयोजक डॉ. दुष्यंत और डॉ. मंजीत ने पूरे कार्यक्रम का कुशलतापूर्वक संचालन किया और विद्यार्थियों को प्रस्तुति तैयार करने में मार्गदर्शन दिया।



महेंद्रगढ़। डॉ. पवन कुमार को गुलदस्ता देकर बधाई देते हुए।

# शिक्षाविदों ने बोर्ड चेयरमैन को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

डॉ. पवन कुमार ने तीसरी बार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड अध्यक्ष के पद पर कार्य ग्रहण कर लिया है। अध्यक्ष पद पर नियुक्ति के लिए डॉ. पवन कुमार ने मुख्यमंत्री नायब सैनी एवं शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन पर जो विश्वास जताया, वह उसे सार्थक सिद्ध करेंगे। बोर्ड उपाध्यक्ष, बोर्ड सचिव व अधिकारियों के साथ मिलकर बोर्ड को और उच्च मुकाम पर ले जाएंगे। चेयरमैन डॉ. पवन कुमार के आफिस पर वीरवार को आरआरसीएम स्कूल कनीना चेयरमैन रोशनलाल यादव, राव जयराम स्कूल मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेन्द्र यादव बेरी, सीआर ग्रुप पाली के वाइस चेयरमैन रतन सिंह यादव, लॉर्ड कृष्णा स्कूल सिहमा चेयरमैन पृथ्वी सिंह ने बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार का फूल-मालाओं से स्वागत किया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बोर्ड की लॉबी में स्थापित मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने उपरांत कार्यग्रहण किया। उन्होंने शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष पद पर पुनः कार्यभार ग्रहण करने उपरांत कहा कि बोर्ड परीक्षाओं में नकल रोको अभियान व बोर्ड की कार्यप्रणाली में उल्लेखनीय सुधार लाने के अथक प्रयास किए जा रहें हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने कहा कि प्रदेश की शैक्षिक क्षेत्र में बहुआयामी व सार्थक सुधार लाकर इसका स्तर और ऊंचा उठाएं गुणात्मक सुधार के सार्थक प्रयास रहेंगे।

# एमआर स्कूल में हुई अंतरविद्यालय स्पर्धा

■ मेजबान स्कूल व एमआर स्कूल मित्रपुरा की टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

एमआर पब्लिक स्कूल अटेली में अंतरविद्यालय स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें मेजबान स्कूल व एमआर स्कूल मित्रपुरा की टीमों ने भाग लिया। खेल की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार ने खिलाड़ियों का परिचय लेकर व टॉस करवा कर किया। प्रथम मुकाबला मेजबान स्कूल व मित्रपुरा के खिलाड़ियों के बीच हुआ। जिसमें मित्रपुरा स्कूल के खिलाड़ियों ने एक गोल की बढ़त से मैच अपने पाले में किया।

दूसरा मैच मेजबान खिलाड़ियों मित्रपुरा की दूसरी टीम के बीच हुआ, जिसमें मेजबान स्कूल के खिलाड़ियों ने एक गोल से आगे रहकर मैच को जीता। विजेता टीमों के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जो बड़ा ही रोचक रहा। खिलाड़ियों ने मैच जीतने के लिए पूरा दमखम लगाया और एक दूसरे को पीछे छोड़ने का प्रयास किया।



नारनौल। विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### मेजबान स्कूल ने दो गोल से मैच जीता

इस कड़े मुकाबले के बीच मेजबान स्कूल के खिलाड़ियों ने दो गोल से मैच जीता। विजेता टीम के खिलाड़ियों में आर्यन, विनय, कार्तिक, रजत, यश, बलजीत व मानव शामिल रहे। विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के चेयरमैन सियाराम यादव ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

# गैस की किल्लत दूर करने के लिए सरकार उठाए ठोस कदम: डॉ. मनीष

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



**रसोई गैस की किल्लत, लोगों को हो रही काफी परेशानियां**

आप पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. मनीष यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब देश में गैस आपूर्ति पर भी देखने को मिल रहा है। इसके चलते क्षेत्र में रसोई गैस की किल्लत बढ़ती जा रही है और आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

कई लोग सुबह से लाइन में खड़े रहते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें समय पर गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। इस स्थिति से खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार अधिक प्रभावित हो रहे हैं। डॉ. मनीष यादव ने हरियाणा सरकार से मांग की कि गैस की किल्लत को दूर करने के लिए तुरंत ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं, ताकि लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि जब भाजपा सरकार बनी थी, तब गैस की समस्या खत्म करने के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन वर्तमान हालात उन दावों के विपरीत दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**सूचना**

मैं, नरेश कुमार पुत्र निरंजन निवासी झगड़ोली तह. व जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरा पुत्र दीपक शर्मा व मेरी पुत्रवधु श्रीमती रक्षा शर्मा मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै विरेंद्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह वासी बशीरपुर तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सुतेज कुमार व उसकी पत्नी लक्ष्मी मेरे कहने सुनने से बाहर है और आए दिन घर में लडाई–झगडा करते रहते हैं। इसलिए मै इनको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## प्राथमिक स्कूल खड़खड़ी में माता-पिता सम्मान समारोह का आयोजन

# शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं, यह चरित्र निर्माण का माध्यम: अशोक शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

राजकीय प्राथमिक पाठशाला खड़खड़ी में भारतीय संस्कृति व पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से माता-पिता पूजन दिवस एवं माता-पिता सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक कर्मवीर यादव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परियोजना समन्वयक अशोक शर्मा रहे। विद्यालय प्रभारी रचना यादव व स्कूल परिवार ने मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया।



नारनौल। कार्यक्रम में अभिभावकों का पूजन करते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता का विधिवत पूजन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। बच्चों ने माता-पिता के चरण स्पर्श कर उनके प्रति श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक कर्मवीर यादव ने किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। इस मौके पर रचना यादव, जय भगवान, श्याम सुन्दर व विद्यार्थियों उपस्थिति रहे।

### माता-पिता बच्चों के प्रथम गुरु

मुख्य अतिथि अशोक शर्मा ने कहा कि माता-पिता बच्चों के जीवन के प्रथम गुरु होते हैं। उनके मार्गदर्शन, त्याग और संस्कारों से ही बच्चे जीवन में सही दिशा प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की ओर से आयोजित ऐसा कार्यक्रम नई पीढ़ी में भारतीय संस्कृति, पारिवारिक मूल्यों व बड़ों के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करने का सराहनीय प्रयास है। उप जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा ने कहा कि शिक्षा केवल किताबों तक सीमित नहीं होती, बल्कि बच्चों के चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्यों और संस्कारों के विकास से ही समाज व राष्ट्र का भविष्य उज्ज्वल बनता है। उन्होंने विद्यालय परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे संस्कारमूलक कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**नगर पालिका महेन्द्रगढ़**

**एरिया सभा की बैठक आयोजित करने हेतु नोटिस तथा एजेण्डा**

नगर पालिका, एरिया सभा संख्या. के सभी मतदाताओं को सूचित किया भागीदारी अधिनियम, 2008 के प्रावधानों अनुसार दिनांक 14.03.2026 से वार्ड नं. 1 से 8 तक और दिनांक 15.03.2026 को वार्ड नं. 9 से 15 तक की जानी है कि हरियाणा नगर पालिका प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक तक एरिया सभा की बैठक स्थान पर आयोजित की जायेगी। इस बैठक में एरिया सभा के कुल मतदाताओं के 10 प्रतिशत मतदाताओं द्वारा भाग लिया जाना आवश्यक है। इस बैठक का एजेण्डा निम्न है -

i) वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों की वैरिफिकेशन।
ii) विधवा पेंशन के लाभार्थियों की वैरिफिकेशन ।
iii) दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों की वैरिफिकेशन।
IV) एरिया सभा की अनुमति से अन्य कोई एजेण्डा।

2. अतः इस एरिया सभा के सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि इस बैठक में कृपया निश्चित तिथि, समय तथा स्थान पर भाग लेने का कष्ट करें।

| वार्ड नम्बर | एरिया सभा का स्थान |
|---|---|
| वार्ड नं. 6 | लाला वाला कुआं |
| वार्ड नं. 9 | सैनी सभा ग्राउंड |
| वार्ड नं. 10 | कार्यालय सैनी सभा |
| वार्ड नं. 11 | बगीची, वार्ड नं. 13 |
| वार्ड नं. 12 | वाल्मिकी मंदिर |
| वार्ड नं. 13 | बगीची, वार्ड नं. 13 |
| वार्ड नं. 1,2,3,4,5,7,8,14,15 | कार्यालय नगर पालिका, महेन्द्रगढ़ |

**सचिव, नगर पालिका, महेन्द्रगढ़**

## खबर संक्षेप

### गंदे पानी की निकासी के लिए तैयार हो रहा जोहड़

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर में लंबे समय से बनी हुई गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए अब ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए पंचायती भूमि और निजी भूमि के दबादले की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। प्रशासनिक स्तर पर इस मामले को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है, जिससे ग्रामीणों में जल्द समाधान की उम्मीद जगी है।

### 200 मीटर के दायरे में ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**नारनौल।** जिलाधीश कैप्टन मनोज कुमार ने 14 मार्च को केंद्रीय विश्वविद्यालय जाट पाली महेंद्रगढ़ में होने वाले दीक्षांत समारोह में भारत के मुख्य न्यायाधीश की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए ड्रोन नियम 2021 के नियम 24 के तहत विश्वविद्यालय के 200 मीटर के दायरे में किसी भी यूएवी जैसे ड्रोन उड़ान भरने के उद्देश्य से उसे नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया है।

### जड़वा में श्रीरामचरित मानस पाठ 19 से

**सतनाली मंडी।** गांव जड़वा स्थित श्री बांके बिहारी गोशाला में श्रीरामचरित मानस नवाह्नपारायण एवं सत्संग का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य हरिसिंह शेखावत ने बताया कि गोशाला में संत स्वरुपदास महाराज व संत किशन दास के सानिध्य में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 19 मार्च से रामनवमी 27 मार्च तक श्रीरामचरित मानस का नवाह्नपारायण व दुर्लभ सत्संग का आयोजन किया जाएगा।

### गुजरवास में हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप आज

**मंडी अटेली।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुजरवास में श्री राम सेवा ट्रस्ट गुजरवास की ओर से 14 मार्च आज शनिवार को हृदय जांच एवं मेडिसिन कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नीजी अस्पताल नारनौल के हृदय रोग विशेषज्ञ अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। श्री राम सेवा ट्रस्ट प्रधान ओपी चौहान ने बताया कि कैंप में ईसीसी, ब्लड टेस्ट, डायबिटीज सहित अन्य जांच फ्री की जाएगी। शिविर में सीनियर हार्ट स्पेशलिस्ट डा. एसएस यादव, रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डा.अजय कुमार अग्रवाल, डा. विनोद कुमार यादव अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

*18 मार्च को फिर सक्रिय होगा एक नया पश्चिमी विक्षोभ, फिर से आएगा मौसम में बदलाव*

# मौसम में देखने को मिलेगा बदलाव, अंधड़ के साथ हल्की बारिश की संभावना, विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

क्षेत्र में आमतौर पर मौसम परिवर्तनशील बना हुआ। वहीं शुक्रवार को बादलों की आवाजाही देखने को मिली। वर्तमान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना हुआ है। यह पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर शनिवार अलसुबह पहुंच जाएगा। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में बादलों की आवाजाही में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इस मौसम प्रणाली का असर से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 14-15 मार्च के दौरान यानी 14 मार्च को केवल 20-25 प्रतिशत हिस्सों, जबकि 15 मार्च को हरियाणा एनसीआर दिल्ली के 50 प्रतिशत हिस्सों में हल्की बारिश, बूंदाबांदी, तेज गति की हवाएं चलने, आंधी अंधड़ के साथ एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि 16 मार्च को केवल उत्तरी जिलों पर हल्की बारिश, बूंदाबांदी की सम्भावना बन रही है। जिसकी वजह से मौसम विभाग ने सम्पूर्ण इलाके पर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इसके बाद भी 18 मार्च को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 18-21 मार्च के दौरान हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इन मौसम प्रणालियों से उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी होने व उत्तरी हवाओं से सम्पूर्ण इलाके में दिन और रात के तापमान में बड़ी गिरावट की सम्भावना बन रही है। मार्च महीने के अंतिम दिनों व अप्रैल महीने की शुरुआत में एक के बाद एक तीन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से लगातार उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर बर्फबारी व मैदानी राज्यों में हल्की बारिश, बूंदाबांदी व तेज गति की हवाओं, अंधड़ आंधी जारी रहेंगे। जिससे मार्च का दूसरा व अप्रैल महीने का पहला पखवाड़ा सुहावना बना रहेगा।

**वर्तमान में एक नया पश्चिमी विक्षोभ पाकिस्तान के आसपास बना**

**मार्च के दूसरे पखवाड़े में मौसम परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अपने कृषि कार्यों को अंजाम दें**

- *पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर शनिवार अलसुबह पहुंच जाएगा। जिसकी वजह से सम्पूर्ण इलाके में बादलों की आवाजाही में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।*

**आंशिक बादलों की आवाजाही से धीरे-धीरे तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी**

#### किसानों के लिए विशेष

किसान भाइयों से सलाह दी जाती है कि आने वाले दिनों में मार्च के दूसरे पखवाड़े में मौसम परिस्थितियों को ध्यान रखते हुए अपने कृषि कार्यों को अंजाम दें। जिन किसान भाइयों ने अपनी कृषि फसलें कटाई कर ली है, उनको संरक्षित करें, क्योंकि मार्च महीने के अंतिम दिनों व अप्रैल महीने के पहले सप्ताह के दौरान लगातार तीन-चार पश्चिमी मौसम प्रणालियां सक्रिय होने की संभावना बन रही है।

#### जिला महेंद्रगढ़ के मौसम के मिजाज

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि पाकिस्तान पर कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पहुंच गया है, जो 14 मार्च की अलसुबह तक उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर पहुंचेगा। इस पश्चिमी प्रणाली के असर से जिले में सुबह से शाम तक पांच से 10 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं, अंधड़ की संभावना बन रही है। वहीं आंशिक बादलों की आवाजाही से धीरे-धीरे तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिलेगी। हालांकि जिले में दिन व रात के तापमान सामान्य से अधिक बने हुए हैं। शुक्रवार को जिले का दिन व रात का तापमान क्रमशः 32.5 व 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### कनीना से नारनौल होते हुए जयपुर, टोंक व देवली के रास्ते पहुंचेगी चितौड़गढ़

# कनीना से चितौड़गढ़ के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू

**ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए भी बढ़ेगी सुविधा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल/कनीना

हरियाणा रोडवेज ने क्षेत्र के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कनीना से चितौड़गढ़ के लिए नई बस सेवा शुरू की है। इस बस सेवा के शुरू होने से महेंद्रगढ़ जिले समेत आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को लंबी दूरी की यात्रा में काफी राहत मिलेगी। खास बात यह है कि यह बस सेवा राजस्थान के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों तक सीधा संपर्क उपलब्ध कराएगी, जिससे श्रद्धालुओं और पर्यटकों दोनों को लाभ होगा।

रोडवेज अधिकारियों के अनुसार यह बस कनीना से प्रतिदिन सुबह लगभग सवा सात बजे रवाना होगी। रास्ते में 8 बजे अटेली और फिर यह बस सुबह करीब 8:40 बजे नारनौल पहुंचेगी। इसके बाद आगे का सफर जारी रखते हुए दोपहर करीब एक बजे जयपुर पहुंचेगी और फिर रात करीब 10:15 बजे चितौड़गढ़ पहुंचेगी। इस बस सेवा के शुरू होने से चितौड़गढ़ के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों तक पहुंचना अब काफी आसान हो जाएगा। चितौड़गढ़ अपने ऐतिहासिक किले, पद्मावती महल और सांवलिया सेठ कृष्ण मंदिर के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध है। इन स्थानों के दर्शन के लिए हर साल हजारों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचते हैं। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र के काफी लोग पहले भी चितौड़गढ़ जाने के लिए अलग-अलग साधनों का सहारा लेते थे, लेकिन सीधी बस सेवा नहीं होने से यात्रियों को परेशानी होती थी। अब यह बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को एक ही बस में आरामदायक यात्रा का विकल्प मिल जाएगा।


कनीना। रोडवेज बस एवं जीएम देवदत्त का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

#### नारनौल डिपो के अधीन 158 बसें चल रहीं ऑनरूट

नारनौल डिपो के अधीन वर्तमान में 158 रोडवेज बसें विभिन्न रूटों पर संचालित हो रही हैं। कनीना रूट पर पहले वाया अटेली होते हुए केवल छह बसें ही चल रही थीं। अब नई बस सेवा शुरू होने से इस रूट पर बसों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। इससे यात्रियों को अधिक विकल्प और बेहतर सुविधा मिल सकेगी।

#### सरकार की जनहित नीति के तहत शुरू की सेवा

जीएम देवदत्त ने बताया कि सरकार की नीति जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने की है। इसी नीति के तहत यात्रियों की मांग को देखते हुए यह नई बस सेवा शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि इस बस को चलाने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, परिवहन मंत्री अनिल विज, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव तथा नारनौल के विधायक ओमप्रकाश यादव का विशेष सहयोग मिला है। सरकार लगातार परिवहन सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

#### कई प्रमुख शहरों से होकर जाएगी बस

बस की समय सारणी के अनुसार यह बस 7 बजकर 15 मिनट पर कनीना से चलेगी तथा आठ बजे अटेली पहुंचेगी। अटेली से चलकर 8:40 बजे नारनौल, दोपहर 1:05 बजे जयपुर, शाम 8:30 बजे बेगू तथा रात 10:15 बजे चित्तौड़गढ़ पहुंचेगी, जो वहां रात्रि ठहराव करेगी। रात्रि ठहराव करने के बाद अगले दिन इसी रास्ते से 4 बजकर 15 मिनट पर चित्तौड़गढ़ से चलते हुए 6 बजे बेगू से दोपहर 2 बजे जयपुर से चलते हुए शाम 5:45 बजे नारनौल पहुंचेगी। इस बस का कनीना से चित्तौड़गढ़ का किराया 590 रुपये (किलोमीटर 562) है।

#### यह रहे मौजूद

बस के संचालन के समय स्वास्थ्य मंत्री बहन आरती राव के पीए गोविंद गोस्वामी, रिटायर्ड कैप्टन भरपूर सिंह, पूर्व सरपंच दिलीप सिंह, जेपी कोटिया चेयरमैन मार्किट कमेटी, रमेश वाइस चेयरमैन कनीना ब्लॉक, वीरेंद्र भाजपा मंडल अध्यक्ष, पूर्व सरपंच विजेंद्र, दीपक चौधरी पार्षद कनीना, कृष्ण पूर्व सरपंच, महेंद्र पूर्व सरपंच, मुकेश लंबरदार, नरेंद्र फौजी, विजेंद्र हेड मास्टर, ट्रैफिक मैनेजर जनरल सिंह आदि मौजूद थे।

## जस्टिस संजय वशिष्ठ ने किया ई-लाइब्रेरी का उद्घाटन


नारनौल। बार एसोसिएशन की ई–लाइब्रेरी का उद्घाटन करते जस्टिस संजय वशिष्ठ।

- जस्टिस ने 1856 से लेकर वर्तमान समय तक की न्यायिक यात्रा को दर्शाती प्रदर्शनी का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के जस्टिस संजय वशिष्ठ ने शुक्रवार जिला न्यायालय परिसर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जिला बार एसोसिएशन की अत्याधुनिक ई–लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान जस्टिस संजय वशिष्ठ ने 1856 से लेकर वर्तमान समय तक की न्यायिक यात्रा को दर्शाती हुई विशेष प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इस प्रदर्शनी में भारतीय न्यायिक व्यवस्था के ऐतिहासिक विकास, विभिन्न महत्वपूर्ण पड़ावों व न्याय प्रणाली में हुए बदलावों को दर्शाया गया था। जस्टिस वशिष्ठ ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी अधिवक्ताओं व विधि के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक व ज्ञानवर्धक है। इस अवसर पर जस्टिस संजय वशिष्ठ ने कहा कि जिला बार एसोसिएशन की ओर से अधिवक्ताओं के हित में किए जा रहे कार्य अत्यंत सराहनीय हैं।

उन्होंने विशेष रूप से ई–लाइब्रेरी की स्थापना की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल संसाधनों का महत्व बहुत बढ़ गया है और इस प्रकार की सुविधाएं अधिवक्ताओं को अपने कार्य में और अधिक दक्ष बनाने में सहायक होंगी।

#### हरवीर यादव को किया सम्मानित

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान संतोख सिंह यादव ने की। मंच संचालन सचिव प्रदीप यादव ने किया। इस अवसर पर उप प्रधान विकास सांगवान, सह सचिव चंद्रदेव यादव, कोषाध्यक्ष सुगन सिंह यादव, लेखा परीक्षक कार्तिक यादव व पुस्तकालयाध्यक्ष प्रमिंद्र यादव सहित समस्त कार्यकारिणी सदस्य व अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर ई–लाइब्रेरी के निर्माण में विशेष योगदान देने के लिए हरवीर यादव को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की सुचारू आपूर्ति के लिए उपायुक्त ने दिए निर्देश

- घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग बर्दाश्त नहीं: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने हरियाणा सरकार के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के दिशानिर्देशों के तहत जिले में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी व एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण आदेश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोलियम पदार्थों की कोई कमी नहीं है और पर्याप्त मात्रा में तेल व रसोई गैस उपलब्ध है। ऐसे में जनता को किसी भी तरह की घबराहट अथवा पैनिक में आने की आवश्यकता नहीं है। उपायुक्त ने गैस एजेंसियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग या किसी अन्य उद्देश्य के लिए डायवर्जन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिलेंडरों की ओवरचार्जिंग और डबल स्टॉकिंग पर भी पूर्ण पाबंदी है। प्रशासन की ओर से अस्पतालों व शैक्षणिक संस्थानों को पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



नारनौल। गैस एजेंसी कार्यालय के बाहर लगी उपभोक्ताओं की लाइन।

#### हकेंवि में एनईपी केंद्रित 35वें अभिमुखीकरण एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम शुरू

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 35वां राष्ट्रीय शिक्षा नीति अभिमुखीकरण एवं संवेदनशीलता कार्यक्रम की शुरुआत हुई। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित यह कार्यक्रम महर्षि मार्कंडेश्वर विश्वविद्यालय मुलाना अंबाला के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। हकेवि के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने अपने संदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को नई तकनीकों तथा बहुविषयक दृष्टिकोण को अपनाना होगा।


महेंद्रगढ़। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते विशेषज्ञ।

## सांसद धर्मबीर सिंह को सौंपा मांग-पत्र

- सांसद ने स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर उठाई मांग, बजट में तीन नए संस्थान खोलने की हुई है घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने केंद्रीय विश्वविद्यालय में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल्स एजुकेशन एंड रिसर्च खोलने की मांग की है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि हाल में आए केंद्रीय बजट में बॉयोफार्मा शक्ति पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई है। इसके अंतर्गत लगभग 10 हजार करोड़ का प्रावधान भी किया गया है तथा तीन नए फार्मास्यूटिकल्स एजुकेशन एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट खोलने की भी घोषणा हुई है। महेंद्रगढ़ जिला एक अर्ध-मरूस्थलिय इलाका है। यहां देसी जड़ी बूटियों यानी बॉयोफार्मा शक्ति का भंडार है। इसी जिले के नारनौल में ढोसी की पहाड़ी भी हैं। बताया जाता है कि च्यवनप्राश के जनक महर्षि च्यवन ने इसी पहाड़ी पर तपस्या करके यहां पाई जाने वाली जड़ी बूटियों से च्यवनप्राश बनाया था। इसी विषय को लेकर दिल्ली निवास पर सांसद धर्मबीर सिंह से मुलाकात कर केंद्रीय विश्वविद्यालय में इस संस्थान को खोलने की मांग करते हुए एक मांग पत्र सौंपा।


महेंद्रगढ़। सांसद को पत्र सौंपते संदीप मालड़ा। फोटो: हरिभूमि

#### कांग्रेस का महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला

**नारनौल।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस महिला मोर्चा की जिला प्रधान डा. राजवती ने शुक्रवार पत्रकार वार्ता की। इस दौरान जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि आज आम जनता की सबसे बड़ी समस्या महंगाई व रसोई गैस सिलेंडर की बढ़ती कीमतें हैं, लेकिन केंद्र सरकार इस मुद्दे पर गंभीर कदम उठाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि देश का आम नागरिक, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग व गृहिणियां महंगाई की मार से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। रसोई का बजट लगातार बिगड़ रहा है और जरूरी वस्तुओं की कीमतों में भारी बढ़ोतरी ने करोड़ों परिवारों की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि, रसोई गैस सिलेंडर के बढ़ते दाम, खाद्य तेल, दाल, सब्जियों व अन्य रोजमर्रा की जरूरतों की वस्तुओं की महंगाई ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है।



नारनौल। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते कांग्रेस के जिला पदाधिकारी।

### प्रधानाचार्य व उनकी धर्मपत्नी सहित स्टाफ और विद्यार्थियों ने किया रक्तदान

## बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में लगाया रक्तदान शिविर

**42 यूनिट रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में शुक्रवार को युवा साथी ग्रुप एवं उड़ान जनसेवा ट्रस्ट ढाणी बाठोठा के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना रहा। शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और समाजसेवियों ने भाग लिया और 42 यूनिट रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन नारनौल डॉ. अशोक कुमार रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने की। इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी राजकुमार राता, मार्केट कमेटी अटेली के चेयरमैन दिनेश जेलदार, सुरेंद्र शर्मा, संदीप ठेकेदार, इंदू यादव गोसेविका एवं पूर्व जिला बाल कल्याण अधिकारी विपिन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ी कोई मानव सेवा नहीं हो सकती। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में कई बार दुर्घटनाओं, ऑपरेशन और गंभीर बीमारियों के मरीजों को तत्काल रक्त की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे समय में रक्तदाताओं द्वारा दिया गया रक्त किसी की जिंदगी बचाने में अहम भूमिका निभाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। रक्तदान जैसे सेवा कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। इस प्रकार के सामाजिक कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में सेवा और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।



नारनौल। रक्तदान करते प्रधानाचार्य अनिल यादव एवं उनकी धर्मपत्नी।

#### कई समाजसेवियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

इस अवसर पर प्रधानाचार्य इंजीनियर अनिल यादव ने स्वयं रक्तदान किया और उनकी धर्मपत्नी ने भी रक्तदान कर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इसके साथ ही संस्थान के काफी स्टाफ सदस्यों ने भी रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दिया, जिससे विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। रक्तदान शिविर के सफल आयोजन में कई समाजसेवियों और सहयोगियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य सहयोगियों में टिंकू प्रधान, अंशु यादव, योगेंद्र सिंह, शर्मा, मनोज यादव, राजेश सैनी, विशाल सैनी, पीयूष सैनी, राकेश यादव, डॉ शिव कुमार, देव शर्मा, मोहित सैनी, हेमंत, साहिल, कल्पना शर्मा, कुमकुम खांडा, स्नेह शर्मा, रानी संधी, संदीप यादव व आदेश सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।